Civil Services (Main)
Examination- 2025

**वियोज्य DETACHABLE**

# समाजशास्त्र (प्रश्न-पत्र II)

# SOCIOLOGY (Paper II)

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घण्टे* | *अधिकतम अंक : 250* |
| *Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) 'भारतीय विद्या परिप्रेक्ष्य, भारतीय सामाजिक व्यवस्था को समझने में महत्वपूर्ण है।' विवेचना कीजिए।

'Textual perspective is important in understanding of Indian Social System.' Discuss. 10

1.(b) पुष्टि कीजिये कि भारतीय परम्पराओं का आधुनिकीकरण हो रहा है। इसमें योगदान करने वाले कारकों की भी विवेचना कीजिये।

Justify that the Indian traditions are modernizing. Also discuss its contributing factors. 10

1.(c) आपके अनुसार महिलाओं की स्थिति के उत्थान के लिए कौन से सामाजिक सुधार आन्दोलन ने सबसे अधिक प्रभावशाली भूमिका का निर्वाह किया है ? व्याख्या कीजिए।

According to you, which social reform movement has played the most effective role in uplifting the status of women ? Explain. 10

1.(d) औपनिवेशिक नीतियों नें भारत में जनजातियों की सामाजिक-आर्थिक दशाओं को किस प्रकार से प्रभावित किया था ? विवेचना कीजिये।

How did Colonial Policies for the tribes affected their socio-economic conditions in India ? Discuss. 10

1.(e) आप जी. एस. घुर्ये को 'सैद्धान्तिक बहुलवाद' के प्रयोगकर्त्ता के रूप में किस प्रकार से उचित ठहरायेंगे।

How would you appropriate to characterise G. S. Ghurye as a practitioner of 'theoretical pluralism' ? 10

2.(a) क्या आप सोचते हैं कि भारत जैसे समाज में नियतविकासीय परिवर्तन विभेदीकरण के द्वारा होते हैं ? क्या आप नियतविकासीय प्रक्रिया में निरन्तरता को देखते हैं ? अपना उत्तर उपयुक्त उदाहरण सहित विस्तार से दीजिए।

Do you think that in a society like India orthogenetic changes take place through differentiation ? Do you observe continuities in the orthogenetic process ? Elaborate your answer with suitable examples. 20

2.(b) 'कृषक वर्ग संरचना आधुनिक शक्तियों के कारण परिवर्तित हो रही है।' आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

'Agrarian class structure has been undergoing changes due to modern forces.' Critically examine. 20

2.(c) समलैंगिक विवाह, भारत में जनसंख्यात्मक गतिकी के लिए किस प्रकार उत्तरदायी हैं ? विवेचना कीजिये।

How same sex marriages are responsible for population dynamics in India ? Discuss. 10

3.(a) राष्ट्र निर्माण से आप क्या समझते हैं ? राष्ट्र निर्माण में धर्म की क्या भूमिका होती है ? अपने उत्तर को विस्तार पूर्वक लिखिए।

What do you mean by nation building ? What is the role of religion in nation building ? Elaborate your answer. 20

3.(b) क्या आप सोचते हैं कि ब्रिटिश शासन द्वारा किए गए नवीन आर्थिक सुधारों ने भारत की पुरानी अर्थ व्यवस्था को विघटित किया है ? उपयुक्त उदाहरण दे कर अपने उत्तर को प्रमाणित कीजिए ।

Do you think that new economic reforms of British rule have disrupted the old economic system of India ? Substantiate your answer with suitable examples. 20

3.(c) भारतीय नव मध्य वर्ग की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिये । ये पूर्व/पुराने मध्य वर्ग से किस प्रकार भिन्न हैं ?

Describe the main features of Indian new middle class. How is it different from the old middle class ? 10

4.(a) भारत में ग्राम अध्ययन के लिए किसे अग्रणी माना जाता है ? उदाहरण के तौर पर कुछ भारतीय समाजशास्त्रियों के ग्राम अध्ययन पर योगदान को बताइये । उनके उपागम परस्पर किस प्रकार से भिन्न हैं ?

Who is said to be the pioneer of village studies in India ? Illustratively describe contributions of some Indian sociologists on village studies. How their approaches are distinct from each other ? 20

4.(b) "औद्योगिक वर्ग संरचना भारतीय समाज की सामाजिक संरचना का एक प्रकार्य है ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? विश्लेषण कीजिए ।

"Industrial class structure is a function of social structure of Indian society." Do you agree with this statement ? Analyze. 20

4.(c) नातेदारी क्या है ? नातेदारी व्यवस्था के अध्ययन में जी. पी. मरडॉक के योगदान की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

What is kinship ? Briefly explain G. P. Murdock's contribution to the study of the kinship system. 10

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) 'भूस्वामित्व खेतीहर से गैर खेतीहर स्वामियों को हस्तान्तरित किये जाने से भारतीय समाज रूपान्तरण (ट्रांसफार्मेशन) हो रहा है ।' उपयुक्त उदाहरण दे कर अपने उत्तर की पुष्टी कीजिये ।

'The transfer of land from cultivating to the non-cultivating owners is bringing about transformation in Indian society.' Justify your answer by giving suitable illustrations. 10

5.(b) भारत में ग्रामीण उद्योगों के पतन के लिए उत्तरदायी विभिन्न कारकों का वर्णन कीजिए ।

Bring out various factors responsible for declining of village Industries in India. 10

5.(c) स्वतंत्र भारत में राजनीतिक गतिशीलता के सामाजिक आधारों की विवेचना कीजिए । क्या पिछले 60-70 वर्षों में इन में (आधारों में) कोई परिवर्तन हुआ है ?

Discuss the social bases of political mobilization in Independent India. Has some change occurred in these during the last 60-70 years ? 10

5.(d) भारतीय राज्यों में अनौपचारिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रवासी श्रमिकों की प्रमुख समस्याएं क्या हैं ? विवेचना कीजिए ।

What are the major problems faced by the labour migrants while working in informal sectors of Indian States ? Discuss. 10

**5.(e)** क्या आप सोचते हैं कि कानून भारत में बाल श्रम को समाप्त करने के लिए सक्षम है ? टिप्पणी कीजिए ।

Do you think that law has been able to abolish child labour in India ? Comment. 10

**6.(a)** संवैधानिक प्रावधानों ने किस अर्थ में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक दशाओं को परिवर्तित किया है ? आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

In what respects have the constitutional provisions changed the socio-economic and political conditions of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in India ? Critically examine. 20

**6.(b)** भारत में नगरीकरण की प्रवृत्ति की विवेचना कीजिए । क्या आप सोचते हैं कि औद्योगीकरण नगरीकरण की पूर्व शर्त है ? अपने तर्क दीजिए ।

Discuss the trend of urbanization in India. Do you think that Industrialization is the only precondition of urbanization ? Give you arguments. 20

**6.(c)** भारत में जाति संघर्ष को रोकने के लिए आप कौन से उपाय सुझाएंगे ? अपने तर्क की पुष्टी कीजिए ।

Which measures would you suggest for preventing caste conflicts in India ? Justify your argument. 10

**7.(a)** भारतीय समाज में वृद्धों के लिए प्रवर्तनशील निजी तथा सार्वजनिक संजाल (नैटवर्क) एवं सहायक व्यवस्थाएँ क्या हैं ? वृद्धों की देख-रेख करने वालों के सामने आने वाली चुनौतियों को कम करने के लिए किये जाने वाले प्रयासों के सुझाव दीजिए ।

What are the Private and Public network and support systems operative in Indian society for the aged ? Suggest measures to curb down the challenges before care givers of the aged. 20

**7.(b)** "शैक्षिक विकास ही देश की समस्त बीमारियों तथा बुराइयों का एकमात्र उपचार है ।" उपर्युक्त कथन का राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सन्दर्भ में आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

"Educational development is the only Panacea for country's all ills and evils." Critically examine the above statement with reference to NEP-2020. 20

**7.(c)** भारत में दलित आंदोलनों ने उनकी पहचान बनाने को किस प्रकार से सहज बनाया है ? विश्लेषण कीजिए ।

How Dalit movements in India have facilitated their Identity formation ? Analyze. 10

**8.(a)** क्या भारत में संधारणीय विकास होना संभव है ? पर्यावरणीय मुद्दों को ध्यान में रखते हुए संधारणीयता को अर्जित करने के लिए कुछ उपाय सुझाइये ।

Is it possible to have sustainable development in India ? Cite major environmental issues and suggest a few measures to achieve the sustainability. 20

**8.(b)** क्या आप सोचते हैं कि मजदूरों का जबरन विस्थापन उनके वंचन का कारण है तथा उसके परिणामस्वरूप हाल ही के कुछ वर्षों से भारत में असमानता आई है ? विस्तार से उत्तर दीजिए ।

Do you think that forced displacement of labourers has caused their deprivation and resultant inequalities during the recent past years ? Elaborate. 20

**8.(c)** भारत सरकार ने यूनाइटेड नेशन्स द्वारा 'सस्टेनेबिल डेवेलपमेंट गोल्स - 2015' की घोषणा के पश्चात् निर्धनता उन्मूलन के लिए कौन सी योजनाएं प्रारम्भ की हैं ? संक्षेप में वर्णन कीजिये ।

What are the Indian government's schemes launched for poverty alleviation after the United Nation's Declaration of 'Sustainable Development Goals - 2015' ? Briefly describe. 10

---